>

Title: Need to take immediate steps to improve the power situation in Uttar Pradesh.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज) : भारत के विभिन्न स्थानों पर खासकर उत्तर प्रदेश एवं देश की राजधानी दिल्ली में इस भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से देश की जनता में काफी आक्रोश है। वर्तमान समय में जब लोगों को गर्मी से बचने के लिए ज्यादा बिजली की जरूरत है तब मात्र उत्तर प्रदेश की जनता को 4 से 5 घंटे बिजली मिल रही है। उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति के लिए 14 हजार मेगावाट से अधिक विद्युत की आवश्यकता बनी हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार एक तरफ इस विद्युत आपूर्ति को पूरा करने के लिए नयी विद्युत इकाई खोल रही है तो वहीं पर दूसरी तरफ पुरानी विद्युत इकाई बंद हो रही है जिससे उत्तर प्रदेश में विद्युत संकट से निपटने हेतु किये जा रहे प्रयास अपर्याप्त लगते हैं।

अतः भारत सरकार से इस गंभीर मामले को देखते हुए तुंत कोई प्रभावी उपचारात्मक कदम उठाने की मांग करता हूं।